# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

मंगलवार, 05 अगस्त 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 285, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक-एक वादे को पूरा कर रही छत्तीसगढ़ सरकार : अरुण साव

### उप मुख्यमंत्री साव ने 4.09 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज गौरेला और पेण्ड्रा नगर पालिकाओं में कुल 4 करोड़ 9 लाख 50 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें गौरेला में 1 करोड़ 72 लाख 86 हजार और पेण्ड्रा में 2 करोड़ 36 लाख 64 हजार रुपए लागत के विकास और निर्माण कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने गौरेला नगर पालिका कार्यालय व बस स्टैंड तथा पेण्ड्रा असेम्बली हॉल मल्टीपरपज स्कूल में आयोजित लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं गरिमामय बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक-एक वादे को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार पूरा कर रही है। विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची और श्री अटल श्रीवास्तव भी इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम में कहा कि राज्य के नगरीय निकायों का तेजी से विकास हो रहा है। जनआकांक्षाओं को देखते हुए गौरेला और पेण्ड्रा को नगर पालिका तथा मरवाही को नगर पंचायत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि नगरों को स्वच्छ, सुंदर एवं



सुविधापूर्ण बनाने के लिए शहर विकास योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं। इसके लिए बिना किसी भेदभाव के सभी निकायों को पर्याप्त राशि दी जा रही है। उन्होंने गौरेला एवं पेण्ड्रा नगर पालिकाओं में विकास कार्यों के लिए 3-3 करोड़ रुपए तथा मरवाही नगर पंचायत के लिए 2 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। श्री साव ने बताया कि गौरेला में स्टेडियम और स्वीमिंग पूल के लिए प्रस्ताव खेल विभाग को भेजा गया है। पेण्ड्रा में नालंदा परिसर के लिए 4 करोड़ 41 लाख रूपए मंजूर किए गए हैं, जिसके निर्माण के लिए निविदा भी आमंत्रित की जा चुकी है। इसके निर्माण से जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण ज्ञानार्जन मिलेगा। श्री साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों जिनके आवास पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किया। विधायक श्री प्रणव कुमार मरपची और श्री अटल श्रीवास्तव ने भी लोकार्पण-भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित किया। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने लोकार्पण एवं विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। गौरेला नगर पालिका के अध्यक्ष श्री मुकेश दुबे, पेण्ड्रा नगर पालिका के अध्यक्ष श्री राकेश जालान और मरवाही नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती मधु बाबा गुप्ता ने भी सभा को संबोधित किया और अपने-अपने निकायों में अधोसंरचना, मूलभूत कार्यों, सौंदर्यीकरण सहित विकास कार्यों की जरूरत के बारे में उप मुख्यमंत्री श्री साव को अवगत कराया। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला पंचायत की अध्यक्ष सुश्री समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री एस.आर. भगत और वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ग्रीष्मी चांद सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन का निधन

### शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएममोदी और राहुल-खड़गे समेत दिग्गजों ने जताया शोक



**झारखंड।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक संरक्षक शिबू सोरेन का आज सुबह दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से किडनी संबंधी बीमारी से पीड़ित थे और पिछले एक महीने से लाइफसपोर्ट सिस्टम पर थे। शिबू सोरेन के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित दिग्गजों ने सोशल मीडिया एक्स अपर दिग्गज आदिवासी नेता के निधन पर अपनी शोक संवेदनाये प्रेषित की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लिखा। च्श्री शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य के निर्माण के लिए संघर्ष किया।

### सीएम साय ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर जताया दुःख

**रायपुर ।** सीएम साय ने पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर दुःख जताया है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिबू सोरेन जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। मैं उनके निधन पर गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।जनजातीय समुदाय के उत्थान और झारखंड के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति दें। ? शांति! बता दें कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का निधन हो गया है। वे 81 साल के थे।

## महापौर मधुसूदन यादव ने भगवान शिवजी पर जल अभिषेक कर जिले वासियों की सुख, समृद्धि खुशहाली की कामना



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महापौर मधुसूदन यादव जी और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती करुणा यादव जी आज श्रवण मास के अंतिम सोमवार पर भगवान भोलेनाथ शिव शंकर मंदिर पहुंचकर जल अभिषेक किया और राजनांदगांव जिले वासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना भगवान भोलेनाथ से की।

## गणेश उत्सव के 11 दिवसीय भंडारा में शामिल होंगे डॉ. रमन सिंह

### मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति के आमंत्रण को विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्वीकार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर की ऐतिहासिक और भव्य गणेश उत्सव परंपरा को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। नगर सहित जिले भर में श्रद्धालु इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं। इसी कड़ी में क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति द्वारा आयोजित 11 दिवसीय गणेश उत्सव एवं भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। समिति के आग्रह को स्वीकार करते हुए डॉ. रमन सिंह ने आयोजन में गरिमामयी उपस्थिति देने की सहमति प्रदान की है। आयोजन को सफल और भव्य बनाने हेतु समिति के सदस्य पूर्व पार्षद श्री गप्पू सोनकर एवं समिति अध्यक्ष श्री संजय सरोदे के नेतृत्व में 3 जुलाई को रायपुर पहुंचे, जहाँ



उन्होंने डॉ. सिंह से भेंट कर विनम्र अनुरोध किया। डॉ. सिंह ने समिति के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजन में शामिल होने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष श्री सुरेश साहू, कोषाध्यक्ष श्री नवीन जैन, सूचना प्रभारी श्री गप्पू सोनकर, सचिव श्री मोहन राजपूत, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा एवं श्री महेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि मां अंबे धाम गणेश मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ गणेश उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन भंडारे में सहभागी होते हैं। डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति से इस वर्ष का आयोजन और भी विशेष बनने जा रहा है।

## महिला पार्षदों की सावन सुंदरी प्रतियोगिता में वर्षा शरद सिन्हा रहीं प्रथम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन के हरे-भरे मौसम में उत्साह और उमंग का रंग महिला पार्षदों के बीच भी खूब देखने को मिला। इसी कड़ी में महेश्वरी भवन में आयोजित सावन सुंदरी प्रतियोगिता में पार्षदों ने पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया। प्रतियोगिता में गोल बाजार क्षेत्र की पार्षद श्रीमती वर्षा शरद सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्टेडियम वार्ड की पार्षद प्रियंका कुरजेकर को द्वितीय स्थान मिला, जबकि अपूर्वा समीर श्रीवास्तव को तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा। इस आयोजन में नगर निगम की महिला प्रतिनिधियों और कई अन्य गणमान्य महिलाओं की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर निगम के बाजार विभाग की श्रीमती केवरा विजय राय, खाद



विभाग की सभापति बीना ध्रुव, श्रीमती मधुबैद, पार्षद श्रीमती खेमीन यादव, झमिता सेन, रेखा पारख, श्रुति जैन, रीना सिन्हा, अमृता सिन्हा, शांति पत्रे, और नयामत हुड्डा सहित कई अन्य महिलाएं मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती करुणा यादव, रितु अतुल, श्वेता सोनी, और सीमा पवन डागा कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के अंत में महापौर मधुसूदन यादव ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, चेयरमैन राजा मखीजा, पार्षद सावन वर्मा, और पार्षद दुरेंद्र साहू भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में नृत्य, गीत, भजन और मनोरंजक खेलों के माध्यम से महिलाओं ने सावन के इस पर्व का भरपूर आनंद उठाया।

## नगर में धूमधाम से निकली कावड़ यात्रा, कावड़ यात्रियों का पुष्प वर्षा से स्वागत

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव नगर में शिव भक्तों द्वारा धूम धाम से बोल बम के नारों के साथ श्रावण मास के अंतिम सोमवार को बोलबम के नारों के साथ अंतिम कावड़ यात्रा निकली गई। जिसमें नगर के शिव भक्तों ने अधिक से अधिक संख्या में कावड़ यात्रा में उपस्थित हुवे।कावड़ यात्रा की शुरुवात श्री महाकाल मंदिर साकेत धाम डोंगरगांव से होते हुवे मटिया चौक शिव मंदिर मटिया से होते हुआ कावड़ यात्रा खुज्जी नदी में तक गई। खुज्जी नदी में सभी कावड़ियों ने बोलबम के नारों के साथ नदी का जल श्री शिव अभिषेक के लिए तथा वहां से मेन रोड होते हुवे मटिया चौक आए , जहां सभी कावड़ यात्रियों का शिव भक्तों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।इस विशाल कांवड़ यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कांवड यात्रा



में कांवडिए बम-बम भोले के जयकारों के साथ अबीर गुलाल उड़ा रहे थे। कुछ कांवड़िए भक्ति गीतों पर नृत्य भी कर रहे थे। कांवड़ यात्रा को देखने के लिए बाजार में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही। जगह-जगह कांवड़ यात्रा पर पुष्पों की वर्षा की गई।तथा कावड़ यात्रा मटिया शिव मंदिर से होते हुवे श्री महाकाल मंदिर साकेत धाम डोंगरगांव पहुंची तत्पश्चात सभी शिव भक्तों ने शिवलिंग का जल अभिषेक करके पूजा अर्चना किया। इस यात्रा के स्वागत में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, रामकुमार गुप्ता ,संतोष यादव, योगेश पटेल, कोमल साहू,प्रफुल्ल जैन, निर्मला मालेकर,डॉ.ललित रामटेके,राहुल जैन,हरि मालेकर,चंदु सोनकर,गौरव यदु साथ सभी शिव भक्त उपस्थित थे।

## हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट पंजीकृत शिविर का आयोजन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला परिवहन विभाग के सहयोग व मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ के तत्वावधान में 06 अगस्त दिन बुधवार को हाई सिक्यूरिटी प्लेट पंजीकृत शिविर का आयोजन मां बम्लेश्वरी प्रांगण में सुबह 10.30 से किया जाना है। आपको बता दें कि 1 अप्रैल 2019 से पूर्व की पंजीकृत दोपहिया व चारपहिया सभी वाहनों के लिए हाई सिक्यूरिटी प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसी प्रयोजन के चलते विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने नुआखाई पर्व के लिए घोषित की सार्वजनिक छुट्टी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पश्चिमी ओडिशा समाज के प्रमुख त्योहार नुआखाई के लिए ऋषि पंचमी के दिन सार्वजनिक छुट्टी की घोषणा की है। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके तहत अब नुआखाई पर्व के अवसर पर पूरे राज्य में छुट्टी रहेगी। इस निर्णय का छत्तीसगढ़ घासी-घासिया समाज ने हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया है। समाज के प्रदेश महामंत्री गोलू नायक ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को घासी-घासिया समाज की ओर से हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय समाज की सांस्कृतिक पहचान को सम्मान देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। नुआखाई पर्व पश्चिमी ओडिशा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है, जिसमें नई फसल की पूजा और सामाजिक एकता का उत्सव शामिल होता है। इस छुट्टी की घोषणा से पर्व की तैयारी और उत्सव में लोगों की भागीदारी को और बढ़ावा मिलेगा।





## तीन बच्चों की तालाब में डूबने से हुई मौत, गांव में पसरा मातम



अफशान खान

**अम्बागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम छछानपाहरी में बीते रविवार को तीन बच्चो की तालाब में डूबने से मौत हो जाने पर पूरे गाँव मे मातम पसर गया, पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बच्चे अपने घर से निकले थे और खेलते-खेलते तालाब में नहाने घुसे जिससे तीनो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतक तीनों बालको की उम्र लगभग 6 से 7 वर्ष के होना बताया गया। तीनों बच्चों का शव अंबागढ़ चौकी मरच्युरी में रखवाया गया है। इस घटना को लेकर बताया गया कि ग्राम छछानपाहरी में लगभग शाम 5 बजे के बीच गांव के तीन बच्चे नव्यांश पिता सुभाष 6 वर्ष, लक्ष्य पिता वेदप्रकाश 7 वर्ष व हिमांशु पिता प्रवीण साहू 7 वर्ष आज रविवार छुट्टी के दिन अपने घर से लगभग 4 बजे खेलने के नाम पर निकले हुए थे। गांव में घूमते-घूमते वे दूसरे मोहल्ला में पहुंच गए, जहां गांव से बाहर स्थित तालाब से तीनों को डूबे हुए हालात से निकाला गया। जिनकी मौत हो गई। इस हादसे में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

**बच्चो को बचाने का किया गया प्रयास**

तालाब में डूबे तीनों बच्चों को बचाने




परिजन तथा अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर तथा अन्य स्टाफ द्वारा बेहद कोशिश की गई, परंतु तीनों बच्चे तब तक दम तोड़ चुके थे।

**तालाब के पास मिले बच्चो के पहने कपड़े**

परिजनों द्वारा जब बच्चों की तलाश की गई, इस दौरान लबालब भरे तालाब के तट में तीनों बच्चों का कपड़ा मिला। जिसके बाद तालाब की गहराईयों में तलाश के दौरान तीनों बच्चे निकाले गए, जिन्हें आनन-फानन में अंबागढ़ चौकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## आरोपी लंबे समय से कर रहा था महुआ कच्ची शराब की बिक्री

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी गैंदाटोला उमेश बघेल के नेतृत्व मे थाना गैंदाटोला क्षेत्रों मे शराब , जुआ , चोरी के मामलों की गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी गई थी, प्रत्येक मामलो पर थाना गैंदाटोला पुलिस के द्वारा गंभीरता से लेकर मामले की जांच पड़ताल कर निराकरण किया जा रहें हैं । ग्राम गर्रापार में चल रहे लंबे समय से बिक्री कर रहे महुआ कच्ची शराब पर रेड कार्यवाही की गई है 4 जुलाई को सूचना मिलने पर तत्काल थाना गैंदाटोला में सक्रिय पुलिस टीम गठित कर तत्काल रेड कार्यवाही कर आरोपी दल्लु राम निषाद पिता दुर्जन निषाद ,- गौठान के पास ग्राम गर्रापार, गैंदाटोला , के घर पर आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ कच्ची शराब कीमती 5000/- रूपये को जप्त कर आरोपी को गिर0 किया गया , आरोपी के परिजन को गिर0 की सुचना देकर विधिवत कार्यवाही करते हुये अपराध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट् कायम कर मान0 न्यायलय ज्युआडिशियल रिमांड पर पेश किया गया हैं ।



## कांग्रेस का नवसृजन कार्यक्रम सम्पन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक कांग्रेस भवन में राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देशित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्ग दर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत आहूत बैठक में मंडल कमेटी और सेक्टर प्रभारी का नवसृजन के तहत नियुक्ति किया जाना तय हुआ है,उक्त बैठक में स्थानीय विधायक दलेश्वर साहू , चुम्मन साहू,जिला उपाध्यक्ष रमेश खंडेलवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई ,उपरोक्त कार्यक्रम में प्रभारी ब्लॉक अध्यक्ष गणेश , साहू,अखिलेश नखत जोन शहर अध्यक्ष ,पूर्व जिलापंचायत सदस्य सोनु राम साहू ,गुलाब वर्मा ,मोहन अय्यर ,विभा साहू ,संध्या साहू ,क्रांति बंजारे ,विरेंद्र बोरकर ,सुयश नाहटा ,टिकेश साहू,महेंद्र वैष्णव,रोशन यदु,दिबिका साहू,श्रुति शुक्ला,वैशाली बोरकर, रानी रोशन यदु,सतीश वैष्णव,बलिराम साहू, रेवा राम ,मुरली निशाद,इंदु हिरवानी,कमल वैष्णव,सूर्यकांत,संतोष ठाकुर,लोकेश निषाद,मयंक यदु,रोशन साहू,संतु यादव,संजय संचेती,रजत साहू,गोल्डी खोबरागड़े, एवन दास साहू,रामकुमार वैष्णव,गोवर्धन वर्मा,श्याम सुंदर साहू,नवीन वर्मा,राकेश साहू,रितेश, पुस्पेंद,लिलेश,संदीप रत्नाकर,प्रदीप,कुंभ जोशी,नरेंद्र साहू,अमर चौधरी ,रोहित सोनकर,अब्दुल खान,चीतेश साहू,भुआल साहू,आदि उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने रणवीरपुर में निर्माणधीन महतारी सदन के कार्यो का निरीक्षण किया, निर्माण एजेंसी पर जताई नाराजगी

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर ने सोमवार को सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के ग्राम रणवीरपुर में नवनिर्मित महतारी सदन,लागत 24 लाख 70 हजार एवं विधायक निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन 8 लाख 57 हजार रुपए के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्ता की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्यों की धीमी गति और मसाले में सीमेंट की कम मात्रा पाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई और संबंधित एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर विनय पोयाम विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता, शिथिलता या मॉनिटरिंग में लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों की सतत निगरानी के निर्देश ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के एसडीओ रवि साहू को दिए।



## उपमुख्यमंत्री ने ग्राम घुघरीकला के मिनीस्टेडियम में किया पौधरोपण, युवाओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री आज कबीरधाम जिले के प्रवास पर रहे। अपने प्रवास के दौरान वे ग्राम घुघरीकला पहुंचे, जहां उन्होंने मिनी स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और स्कूली विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इनका संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और घटते प्राकृतिक संसाधनों की चुनौतियों का सामना हम केवल अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उन्हें संरक्षित कर ही कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे आगे आएं और अपने गांव, स्कूल, खेत-खलिहानों और सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण अभियान को जनआंदोलन बनाएं। मिनी स्टेडियम में आम, नीम और अर्जुन जैसे विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया।



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव (छ0ग0)

// बंधक प्लाट आदेश //

क्रमांक / 3886/अ0वि0अ0/प्र.1/2025 राजनांदगांव दिनांक 05/08/2025

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (क्र.-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते नियम 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदक श्री विनोद बोहरा आ. श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फाकान प्रा.लि. निवासी सनसिटी कंचनबाग राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम फरहद प.ह.नं. 29 स्थित भूमि ख.नं. 32/5रकबा 0.1896 हे. पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) हेतु कालोनी विकास अनुज्ञा इस न्यायालय के रा.मा.क्र.202507090700086 अ/89 (13) वर्ष 2024-25 के द्वारा दिनांक 04/08/2025 को जारी किया गया है।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्ते नियम 199 के नियम-12 व यथा संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों को छोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पास बंधक रखा जाता है। ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाएंगे तथा विक्रय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है।

| क्रं. | प्लाट नं. | रकबा (व.मी.) |
|---|---|---|
| 1 | एच-19 | 113.40 |
| 2 | एच-20 | 112.50 |
| कुल | 20 | 225.90 |

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव (छ.ग.)

# रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना कर गोस्वामी तुलसीदास ने समाज को नई दिशा दी

## सुप्रसिद्ध रामायण व्याख्याकार भजन सिंह भाटिया को किया सम्मानित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम आरला में जय मां सरस्वती मानस परिवार, तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनंदगांव एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय पूज्यपाद गोस्वामी तुलसीदास जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना कर भारतीय समाज को एक नई दिशा देने वाले संत कवि तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने किया और विशिष्ट अतिथि श्रीमती मधु सुकृत साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जनपद प्रतिनिधि रमेश पप्पू चंद्राकर,सरपंच श्रीमती साधना राहुल साहू, उपसरपंच शशिकला देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि राहुल साहू, एवं अन्य के अतिथि मे शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति देव कुमारी साहू ने कहा कि रामचरित्र मानस हमें जीवन जीने की कला सिखाती है भगवान श्री राम चन्द्र मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन चरित्र अनुकरणीय है। भारतीय समाज को गोस्वामी तुलसीदास जी ने समाज को एक नई दिशा दी है। राजनांदगांव जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा पप्पू चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री रामचंद्र जी 14 वर्ष की कठिन वनवास में रहे और अपने माता-पिता और गुरु जनों की आज्ञा पालन के कारण ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी सबके हृदय में बसे हैं। 500 वर्षों के बाद भारत देश में उनकी भव्य मंदिर अयोध्या मे देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बनवाई। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन होने से गांव में भक्तिमय वातावरण रहता है सभी परस्पर मिलकर एक दूसरे के साथ मिलकर कार्य करें और क्षेत्र के विकास के लिए हम सभी संकल्पित हैंआयोजक समिति एवं ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मधुसुकृत साहू ने संबोधित करते हुए आयोजन समिति एवं ग्राम वासियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा कि आज हमें अपने जीवन में भगवान राम की तरह मर्यादाओं में रहकर कार्य करें और भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में चरितार्थ करें। आयोजक समिति द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



**सुप्रसिद्ध रामायण व्याख्याकार भजन सिंह भाटिया को किया सम्मानित**

तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव द्वारा वरिष्ठ बुजुर्ग जनों को श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मानित किया गया। ग्राम के मोहनलाल साहू, चंदूलाल साहू,पंचूराम साहू एवं सुरगी के सुप्रसिद्ध व्याख्याकार भजन सिंग भाटिया जी को सम्मानित किया गया। आयोजक समिति के पंचराम साहू ने बताया कि कार्यक्रम मे पहले जय मां सरस्वती मानस परिवार ग्राम आरला ने अपनी प्रस्तुति दी तत्पश्चात तारिणी महिला मानस परिवार कांकेतरा,शिव संगम मानस परिवार भोथीपार खुर्द,आदर्श मानस परिवार उसरीबोड , सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाड़ीह, जय गजानंन मानस परिवार आरी (कोनारी) महादेव विष्णु कश्यप के भजन, मोर जहुरिया मानस परिवार ढ़ोडिया की मंडली अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्रीमती साधना राहुल साहू सरपंच,खेमदास साहू पूर्व सरपंच, शशिकला देवांगन उप सरपंच, संतोष लहरे पूर्व सरपंच,पंच राम साहू, मुरलीधर साहू, नारायण साहू, रेख राम साहू,राजकुमार केकती, कृष्णा साहू, टहल दास साहू, हेमनाथ साहू, फूलचंद साहू, कनक कुमार साहू,ज्ञान दास साहू, ओ. एल. देवांगन सहित तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव के पदाधिकारीगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।

## एलबी संवर्ग शिक्षकों की प्रथम सेवा गणना की मांग फेडरेशन के मांग पत्र में शामिल

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश भर के 1,80,000 एलबी संवर्ग शिक्षकों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने शिक्षक एलबी संवर्ग की बहुप्रतीक्षित मांग-प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ देने को अपने मांग पत्र में शामिल कर लिया है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ जागरूक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं फेडरेशन में शिक्षक एलबी संवर्ग विंग के प्रदेश प्रवक्ता जाकेश साहू ने दी। उन्होंने बताया कि एलबी संवर्ग शिक्षकों की यह मांग वर्षों से लंबित थी, जिसे फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा को लगातार अवगत कराया जा रहा था। फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष केदार जैन, मनीष मिश्रा, प्रदीप पांडे, लैलूंन भारतद्वाज, चेतन बघेल, धरमदास बंजारे सहित एलबी संवर्ग के तमाम नेताओं ने इस मुद्दे को लगातार उठाया। नेताओं की सक्रियता और एलबी संवर्ग की संख्या बल को देखते हुए फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने इस मांग को अपने प्रमुख मांग पत्र में सम्मिलित कर लिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा आगामी 22 अगस्त को प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालयों में विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, रैली एवं ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम तय किया गया है। अब इस आंदोलन में एलबी संवर्ग शिक्षकों की प्रथम सेवा गणना कर समस्त लाभ की मांग भी शामिल होगी। एलबी संवर्ग शिक्षकों ने अपनी मांग को फेडरेशन के मांग पत्र में शामिल कराने हेतु फेडरेशन संयोजक कमल वर्मा एवं नेतृत्व कर रहे सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है।



## त्रिगुण सादानी बने विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री, प्रांतीय बैठक में दायित्व विस्तार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की प्रांतीय बैठक 1 से 3 अगस्त तक बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के केंद्रीय मंत्री बसंत रथ व क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेन्द्र पवार समेत प्रांत स्तर के पदाधिकारी एवं समस्त जिलों के विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति व दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में आगामी कार्यक्रमों की दिशा एवं विस्तार को लेकर केंद्रीय पदाधिकारियों ने दिशा-निर्देश दिए। संगठन विस्तार के क्रम में विभिन्न दायित्वों का वितरण किया गया। इसी तारतम्य में त्रिगुण सादानी को विश्व हिंदू परिषद राजनांदगांव का जिला मंत्री नियुक्त किया गया। प्रांतीय बैठक में अरुण गुप्ता को प्रदेश विधि प्रमुख, अनूप श्रीवास को विभाग मंत्री, तरुण हथेल व योगेश बागड़ी को जिला उपाध्यक्ष, बबीता मिश्रा को मातृशक्ति सह संयोजिका और दुर्गा चौरे को दुर्गा वाहिनी सह संयोजिका का दायित्व सौंपा गया। बैठक में प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, विभाग सह मंत्री प्रशांत दुबे, विभाग सह संयोजक सुनील सेन, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप श्रीवास, सामाजिक समरसता प्रमुख शैलेश मेश्राम (बाबाजी), नगर मंत्री नवीन अग्रवाल, त्रिगुण सादानी, मातृशक्ति संयोजिका अंजलि वाडेकर, बबीता मिश्रा, दुर्गा चौरे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने पर नंदू राम साहू, प्रशांत दुबे, सुनील सेन, बाबाजी बौद्ध, भारत साहू, चंद्रेश जैन, जुगल शर्मा, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, अशोक श्रीवास, निलेश निषाद, हनी गुप्ता, लालमुनाई, लव कुमार मिश्रा, तरुण सादानी, अंकित खंडेलवाल, कुबेर साहू समेत विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी और संगठन को नई ऊर्जा मिलने की बात कही।



## गायत्री विद्यापीठ स्वतंत्रता दिवस की थीम पर झूला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले की प्रतिष्ठित संस्था गायत्री विद्यापीठ में कक्षा 6वीं से 8वीं के विद्यार्थियों के बीच झूला सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका थीम था- च्15 अगस्त देशभक्ति और आजादी का जश्नज्, जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यंत ही उत्साह ओर रचनात्मकता के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने झूलों को तिरंगे के रंगों, फूलों, स्वतंत्रता सेनानियों की झाँकियों और देशभक्ति के नारों से सजाया। कुछ झूलों पर भगत सिंह, झाँकी की रानी जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों की झलक भी देखने को मिली। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करना तथा उनकी कला व सृजनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देना था। इसमें लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें निर्णायक थे शिक्षक युगल किशोर मंडावी एवं दीप्ती गुप्ता जिन्होंने साज-सज्जा, थीम की प्रस्तुति और स्वच्छता जैसे मापदंडों पर विजेताओं का चयन किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में देश भक्ति, सहयोग व रचनात्मकता जैसे गुण विकसित होते हैं। शाला की व्याख्याता एवं मीडिया प्रभारी उषा झा से मिली जानकारी के अनुसार संपूर्ण आयोजन में मीडिल विभाग के प्रमुख वरिष्ठ शिक्षक श्री विमल शर्मा एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त जी चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरिश गांधी, श्रीमती रुपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, स्पोट ?र्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, स्कूल मैनेजर तरनजीत सिंह के टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएँ दी गई।



## केपीएस भिलाई में गायत्री विद्यापीठ का शानदान प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों कृष्णा पब्लिक स्कूल व कृष्णा आई म्यूजिक एण्ड डांस कॉलेज नेहरू नगर भिलाई के तत्वाधान में आ यो जि त प्रा ग्यो त्स व एक स ट्रा वे गे न्जा 2025 नृत्य व संगीत प्रतियोगिता में नगर की संस्कारित शिक्षण संस्था गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम के छात्र छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट कलात्मक क्षमता का परिचय देते हुए अपनी षाला का परचम लहराया। जिसमें समूह नृत्य के माध्यम से एकल सेमी क्लासिकल कैटेगरी में प्रथम लावण्या वैष्णव, द्वितीय आयुषी मुलेवार, तृतीय याना सरोदे ने एकल फिल्मी डान्स कैटगरी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही ओजस साहू ने एकल वादन कैटगरी में की बोर्ड प्ले करके द्वितीय स्थान अर्जित किया। लक्ष्मी खापर्डे कक्षा आठवीं ने प्राग्योत्सव में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर शाला की कि प्राचार्य पिंकी खण्डेलवाल ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक एवं कलात्मक गतिविधियों से जुड़ना विद्यार्थियों में कला के प्रति रूचि जागृत करता है। तथा भविष्य में विद्यार्थी जीवन में किसी भी कार्यक्षेत्र में अग्रणी रहने की पहल है। इस अवसर पर गायत्री षिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिषोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेष जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोशाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिषोर सुरजन, श्रीमती सुशमा सुरजन, श्री हरीष गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, स्पोटर्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, ऐकेडमीक हेड श्री अमित उत्तलवार, प्रषासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती वंदना डुंभरे एवं मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा, विभागाध्यक्ष श्री प्रषांत कुषवाहा, श्री अतुल व्यास, श्रीमती भारती यादव, श्री दिनेष साहू, श्रीमती माया षर्मा, श्री कामेष साहू ने विद्यार्थियों को षुभकामनाएं दी।



## नेहरू नगर मे सुविधा विस्तार के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर विकास की कडी में वार्ड नं. 14 के नेहरू नगर में सुविधा विस्तार के तहत अधोसंरचना मद अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, 8 लाख रूपये की लागत से उद्यान निर्माण एवं लगभग 10 लाख रूपये की लागत से नाला में पुलिया निर्माण कराया जाना है, जिसका महापौर श्री मधुसूदन यादव ने वार्ड पार्षद श्री सतीश मसीह एवं नेहरू नगर वासियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में नेहरूनगर के श्रीमती नीलम सिंह, यशोधरा साहू, महिमा राय, राम अवतार जोशी, जे.पी.साहू, अनिल त्रिपाठी, प्रभंजय सोनी, मनीष श्रीवास्तव, प्रियांशु वैष्णव व दिनेश ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर द्वारा नेहरू नगर मे आयोजित कार्यक्रम में विधिवत भूमिपूजन किया गया।भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिह, सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री माननीय श्री विष्णु देव साय तथा उप मुख्यमंत्री माननीय श्री अरूण साव द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा रोड, नाली के अलावा उद्यान, भवन, मंच, तालाब सौदर्यीकरण, मुक्तिधाम उन्नयन आदि कार्य के लिये राशि उपलब्ध कराये थे, जिससे वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज नेहरू नगर में विकास कार्य के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे।

**शुभांक**

3-5-9

235-0 899-6

**भाग्यांक**

336-2 127-0

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव,जिला-राजनांदगांव, छ.ग.

// ईश्तहार //

क्र./ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 23/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक. राहुल अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल, निवासी लखोली, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम मोहारा, पटवारी हल्का नंबर 46, खसरा नंबर 211/19 रकबा 0.0464 हेक्टेयर के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 01/08/2025 तक तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त, दावा, दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव,छ.ग.

// ईश्तहार //

क्रमांक/ अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 25/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..चेलना बोहरा पति विनोद बोहरा, निवासी सन्सिटी राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम लखोली, पटवारी हल्का नंबर 42, खसरा नंबर 15015/2 रकबा 0.1647 हेक्टेयर में से 0.1140 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या 09/08/2025 अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव,छ.ग.

// ईश्तहार //

क्रमांक / अविअ/प्रवा0-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 25/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..शुभम बोहरा पिता तिलोक चंद बोहरा, निवासी हिरामोती लाईन राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम फरहद, पटवारी हल्का नंबर 29, खसरा नंबर 32/6 रकबा 0.0080 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋष्टा पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा / आपत्ति इस उ?द्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 09/08/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगाँव

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय नागरिक सेवा हेतु पहली बार प्रतियोगिता परीक्षा किसने शुरू कराई?*

*2) किस शासक की सहायता करने के बदले रणजीत सिंह ने राजा की उपाधि प्राप्त की?*

*3) सेन्नार और असवान बांध किस नदी पर स्थित है?*

*4) शूटिंग गार्ड शब्द का प्रयोग किस खेल में किया जाता है?*

*5) इंग्लिश चैनल को अकेले तैरकर पार करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय तैराक हाल ही में कौन बने हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) लार्ड डलहौजी (2) अफ़ग़ानिस्तान के शासक जमांशाह (3) नील नदी (4) बास्केटबॉल (5) सिद्धार्थ अग्रवाल

## विचारणीय

हमारा देश ऋषि -मुनियों का देश रहा है और उन्हीं के द्वारा सही मार्गदर्शन मिलता रहा है। संत, महात्मा व गुरुओं के निर्देशन मे हीं लोकप्रिय राजा अपने राज्य और प्रजा का कुशल संचालन करते हैँ आये हैँ। ऋषि बशिष्ठ-दशरथ जी हों, वसुदेव -गरगाचार्य जी हों, विक्रमादित्य-कालिदास जी हों, कृष्णदेव राय-तेनाली राम जी हों अथवा चन्द्रगुप्त मौर्य -चाणक्य हों। इतिहास -पुराण साक्षी है। यदि हमारे संत भगवान समाज की स्थिति देख कर आगाह कर रहे हैँ, निर्देश दे रहे हैँ तो इसका अर्थ यह नहीं की किसी की सुपुत्री से घृणा का भाव है। अपितु वो समाज के प्रत्येक माँ -बाप, भाई -बहनों को आगाह कर रहें हैँ और गंदगी की तरफईशारे कर रहे हैँ। इसे हम सभी को गंभीरता से लेकर इस पर विचार करना चाहिये। और तो और केवल बेटी और बहनों की हीं बात नहीं है, अपितु अपने बेटे पर भी उतना हीं ध्यान देने की आवश्यकता है। सुपुत्र हो अथवा सुपुत्री दोनों हीं हमारे हैँ और उन्हें उचित संस्कार देना हमारा हीं कर्तव्य है। जो सनातन विरोधी हैँ वो तो संतो पर प्रहार करेंगे हीं। उन्हें भी समझना चाहिये कि जो सनातन संत हैँ वो उनकी भी पुत्र -पुत्रीयों की तरफईशारे कर रहें हैँ, वो भी जानते हैँ, समस्यायों से जूझ रहे हैँ किन्तु सनातन का विरोध करने का ठेका ले रखा है इसलिये सनातनियों को भड़का रहे हैँ लोग ताकि हम अपने संतो, गुरुओं, युग प्रवर्तकों की बात ना सुनें और उनसे विमुख हो जायें ताकि भारत वर्ष मे सनातन विरोधियों का बोलबाला हो और गैर सनातनी का राज्य हो।जितने भी विरोध करने वाले हैँ श्री प्रेमानन्द जी का, साध्वी ऋतम्भरा दीदी का या अनिरुद्ध जी का अथवा किसी भी संत, महात्मा, गुरु, कथा व्यास अथवा सनातनी शास्त्रों का, वो सब के सब अपने हीं घर मे बहन -बेटियों का मजाक बना रखें हैँ। उन्हें मातृशक्ति का सम्मान नहीं दीखता। उनके घर मे कोई बेटी, बहन पैदा हीं नहीं होती। जो स्त्री जन्म लेती है उनके घर मे वो सब बीबी हीं जन्म लेती हैँ। वो क्या समझेंगे सनातन के धर्माचार्यों को, वो क्या सम्मान करेंगे।

अत: आप सभी, हम सभी को अपने संत -महात्माओं के ईशारों को अच्छे से समझकर सावधान होने की जरूरत है। अपने सुपुत्री और सुपुत्र को उचित संस्कार और मर्यादा का ज्ञान देने की जरूरत है। किसी भी संत ने किसी का व्यक्तिगत नाम नहीं लिया है। हो सकता है आपके पुत्र -पुत्री सही हों। शास्त्र व संतो महात्माओं के ईशारों को समझें और उनका साथ दें तभी हमारा सनातन स्वस्थ होगा, बुलंद होगा और भारत माता सदैव मुस्कुरायेगी। जय माँ।



**संकर्षण जी महाराज ( गुरु जी ), प्रयागराज**

**माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट:भारत वर्ष**

# डोंगरगांव जनपद में पीएम किसान उत्सव दिवस में कार्यक्रम का आयोजन

## किसानो को मिनिकीट और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगांव जनपद पंचायत के सभागृह में कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 'पीएम किसान उत्सव दिवस' के अलावा विकासखंड के किसानों को मिनिकिट और मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण किया गया। यह आयोजन कृषि विभाग के उपसंचालक टीकम सिंग ठाकुर के नेतृत्व में जिलाभर में किसानो के हित में किया जा रहा है कृषि विभाग के कार्यक्रम में डोंगरगाव क्षेत्र के किसान और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल बड़ी संख्या में शामिल हुए थे, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खातों में योजना की 20 वीं किस्त भेजे जाने पर आभार व्यक्त करना था। साथ ही इस योजना के महत्व को भी रेखांकित किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों को हर वर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में दी जाती है। इससे उन्हें खाद, बीज और अन्य कृषि संसाधनों की खरीदी में मदद मिलती हैआगे श्री गांधी ने कहा कि पहले कई सरकारें आईं लेकिन किसानों के हित के लिए ऐसी सीधी लाभ पहुंचाने वाली योजना कभी लागू नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और इस योजना से मिले लाभ की सराहना की। सभी ने एक स्वर में प्रधानमंत्री का आभार जताया और इस योजना को लगातार जारी रखने की अपील की,

**पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए वरदान - दिनेश गांधी**

**कृषि विभाग ने 15 किसानों को राहर का मिनिकीट वितरण किया**

कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को राहर मिनिकीट 15 लोगों को मंच में वितरण किया जिनमे किसान भीषण साहू मनेरी , कोदू पटेल माथलडबरी, अस्वनी वर्मा टेका , तखत सोनकर खुज्जी,सदाराम सोनकर खुज्जी, गणपत कवर साल्हे, सुंदर पटेल जंतर, गोपाल दास मोहड़, विरेंद्र देवांगन मोहड़ , ओमकार साहू ,पीलू साहू मनेरी, पुसऊ पटेल , नोहर साहू मटिया, भागवत साहू, ईश्वर ठाकुर बड़हुम को वितरण किया गया है

**मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण**

कृषि विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण हुई जिनमें पवन कोर्राम, पासा पटेल, केशव पटेल, होरी पटेल, राधेश्याम पटेल, पुण्यप्रताप निषाद, गोवर्धन कोर्राम, धुर सिग पटेल को दिया गया है इनके अलावा उपस्थित,सभी किसानों को प्रमाण पत्र व बीज का वितरण कृषि विभाग के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दीना पटेल , रामकुमार गुप्ता जनपद अध्यक्ष रजिता पड़ौती, उपाध्यक्ष मनीष साहू तथा वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी संदीप वैष्णव, प्रगेश शर्मा, सतीश नेवरा, शैलेंद्र साहू, एन के मंडावी, बी के गणवीर , डोमेश्वर साहू, ललित साहू शेखर हिरवानी , प्रसन्नजीत बड़ोड, संदीप पटेल , टीपी मिश्रा सहित क्षेत्र के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे,

# प्रदेश से चयनित 10 शिक्षकों की टीम राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल होने आसाम रवाना



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश के 10 चयनित शिक्षकों की टीम शिक्षा विभाग से संबंधित प्रशिक्षण कार्यशाला में हिस्सा लेने पहली बार गोवाहाटी आसाम के लिए रवाना हुई है। वहां इस टीम में शामिल शिक्षक एनईपी के अनुरूप अनुस्थापन पाठ्यक्रम के तहत् सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा देश भर के कुछ चुनिंदा व विषयों में पारंगत शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास तथा शैक्षिक गुणवत्ता विकास की दृष्टि से इस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र सीआरटी नई दिल्ली द्वारा एनईपी 2020 के अनुरूप जून 2025 से फरवरी 2026 तक विभिन्न कोर्स एवं ओरियंटेशन कोर्स के कार्यशाला का आयोजन असम गुवाहाटी में किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के शिक्षकों का चयन किया गया है। राष्ट्र स्तर पर प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से जिला राजनांदगांव से डॉ. भगवानी निषाद एवं मनोज कुमार साहू, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी से सुनील कुमार चौरसिया, बस्तर से एम किरण कुमार, महासमुंद से आशीष कुमार देवांगन, कोरिया से अंकित कुमार पांडे, रायपुर से वीना श्रीवास, दुर्ग से रिया खान, बेमेतरा से फुलेश्वरी ठाकुर, कबीरधाम से तारा झरिया आदि हैं। ये सभी शिक्षक बीते दिवस फ्लाईट के माध्यम से आसाम की राजधानी गुवाहाटी रवाना हुए। वहां से सभी शिक्षक 15 अगस्त तक वापस आयेंगे। उक् त सभी चयनित शिक्षक शिक्षिकाओं को विभाग के उच्च अधिकारियों सहित साथी शिक्षकों व शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# जिला परिषद राजनांदगांव की समीक्षा बैठक के बीच मित्रता दिवस संपन्न



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद एवं जिला सैन्य मातृशक्ति राजनांदगांव ने 03 अगस्त 2025 को मित्रता दिवस के अवसर पर विशेष बैठक रखा गया था। जिसमें *जिला संयोजक* के लिए *श्री संतोष सिंह जी* को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। जिला परिषद द्वारा नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण एवं डोंगरगढ़ में चलाए जा रहे नि:शुल्क योद्धा फिजिकल अकादमी के कार्यों का समीक्षा किया गया । जिसे भविष्य में वृहद रूप चलाए जाने पर व्यापक चर्चा किया गया ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री अशोक झा, संरक्षक जीएस भाटिया , बसंत रावटे,गुमान साहू , झनक विश्वकर्मा, उमेश गंगबेर ,पियूष साव ,संतोष सिंह, अमर साव,संजय पवार, अंगेश्वर सिन्हा, भोजेश्वर गंजीर,भूषण सिन्हा, तिरुपति राव, जी राजू ,कमलेश विजयवार, युगलकिशोर, कन्हैया साहू , कलीराम , सी एल साहू,ईश्वर जागृत ,विशाल साहू , एके पाण्डेय,उमा सिन्हा,कृष्ण कुमार , युवराज साव, नकुल साहू , नागेंद्र तिवारी,विनोद यादव, घनश्याम साहू ,सावन वर्मा , आर के मिश्रा शामिल हुए। सैन्य मातृशक्ति से जिला अध्यक्ष श्रीमती वर्षा रावटे ,संगीता साहू, ठगिया साहू, भुनेश्वरी साव,मिनेश साहू,कल्पना झा, शिवानी साव,सुनीता राव ,चंदा रानी, सुभद्रा , पी ज्योति ,दूरपति साहू ,एवं शीतल सिन्हा उपस्थित रहे।

# रायपुर में आयोजित कराटे चैंपियंस में गायत्री विद्यापीठ का शानदान प्रदर्शन




**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रायपुर में आयोजित इंडिपेंडेंस स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन रविवार दिनांक 27 जुलाई को संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश भर के लगभग 300 खिलाड़ियों ने उक्त प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के बारे में आगे जानकारी देते हुए शाला के मार्शल आर्ट प्रशिक्षक श्री जयप्रकाश साहू ने बताया कि हमारे गायत्री विद्यापीठ के भी खिलाड़ियों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण पदक 8 रजत पदक तथा दो कांस्य पदक कुल 20 पदकों के साथ ओवरऑल तीसरे स्थान प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों के द्वारा अपने शानदार प्रदर्शन से गायत्री स्कूल के साथ-साथ संस्कारधानी को भी गौरवान्वित किया। पदक विजेताओं खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी-मोक्ष साहू, खुशाल जायसवाल, मोक्ष साहू (दो स्वर्ण पदक), मेहल राजगढ़ (दो स्वर्ण पदक), प्रियंका चैगुले, याना सरोदे, योजश्व साहू तथा सिद्धांत मूंदड़ा रहे। वही रजत पदक विजेता खिलाड़ियों में - मोक्ष साहू, काव्या शर्मा (दो रजत पदक), भाविका साहू, प्रियंका चैगुले, याना सरोदे, रुद्र सराफ तथा सिद्धांत मूंदड़ा ने अर्जित की एकमात्र खिलाड़ी जिज्ञांशू साहू बढ़िया प्रदर्शन करने के बावजूद भी कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल ने कहा कि कराटे जैसे खेल विद्यार्थियों में सुरक्षा व साहस की भावना जगाते है। मुझे गर्व है कि हमारी षाला के विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगिताएं जीतकर षाला का मान बढ़ाते है। इस अवसर पर गायत्री षिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिषोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेष जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, कोशाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, सचिव श्री गगन लड्ढा, सह-सचिव श्री निकुंज सिंघल, संरक्षक श्री नंदकिषोर सुरजन, श्रीमती सुशमा सुरजन, श्री हरीष गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, स्पोटर्स डायरेक्टर श्री सागर चितलांग्या, ऐकेडमीक हेड श्री अमित उत्तलवार, प्रषासक श्री अनिल बाजपेयी, प्राचार्य श्रीमती पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य श्रीमती वंदना डुंभरे एवं मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं कराटे प्रषिक्षक श्री जयप्रकाष साहू, श्री हर्श यादव एवं सुश्री साक्षी वर्मा ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर बधाई दी।

## राधे-राधे कहना क्या भारत में अपराध है क्या यही सनातन धर्म है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के प्रदेश सलाहकर देवकुमार निर्वाणी ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया । विगत दिनों दुर्ग की नंदिनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थिर मदर टेरेसा इंग्लिश मीडिया स्कूल में साढ़ें तीन वर्ष के मासूम बच्ची के साथ , स्कूल के प्राचार्य ने हद से बढक़र बच्ची को कष्टकारक प्रताडऩा दिये गए । मात्र बच्ची (छात्रा) द्वारा अभिवादन में प्राचार्य महोदय को राधे-राधे कहने पर उक्त साढ़े तीन वर्षीय छात्रा के साथ अमानवीय कृत्य करते हुए मुंह में टेप लगाकर छात्रा के हाथों को अधांधुध पीटा गया । छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के प्रदेश सलाहकार देव कुमार निर्वाणी ने आगे कहा कि भारत में यदि अभिवादन मे राधे -राधे कहना अपने आराध्य देवी देवताओं का नाम भारत में स्मरण नहीं करेगें तो फिर कहा करेगे । क्या सनातन क्या सनातन का यही स्वरूप है शासन को स्कूलो को बंद कराना है तो ऐसे स्कूलों को बंद करना चाहिए हजहां सनातन को पनपने ही नहीं दिया जा रहा हैं । छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा उक्त घटना का कटु शब्दो में निन्दा करता है भारत में राधे-राधे कहना अपराध है तो सनातन है कहाँ जैसे हम लोग राम-राम या जय शिया राम कहते है वैसे ही भारत के अधिकांश परिवारो में राधे-राधे कहकर अभिवांदन किया जाहा है व शासन से मांग करता है कि दुर्ग में स्थित मदर टेरेसा स्कूल के प्राचार्य पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें तथा ऐसे स्कूल को चिन्हाकिंत कर मान्यता समाप्त कर देना चाहिए । उक्त घटना का समुचित कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में वैष्णव समाज जनता के बीच जाकर जन-जागरण कर आदोंलन के लिए बाध्य होगा। उक्त घटना का वैष्णव समाज के सदस्यों ने व्यापक निंदा किया है।

## धर्म समाचार....

# सावन कब खत्म होगा और किस दिन रहेगी श्रावण पूर्णिमा, तिथि और चंद्रोदय का समय

पंचांग के अनुसार हर महीने की शुक्ल पक्ष की अंतिम या 15वीं तिथि को पूर्णिमा होती है. पूर्णिमा को पूर्णमासी या पूनम की रात भी कहा जाता है. इस वर्ष सावन महीने की शुरुआत 11 जुलाई 2025 से हुई थी और सावन पूर्णिमा के दिन ही सावन मास भी समाप्त हो जाएगा और नए महीने (भाद्रपद) की शुरुआत होगी. आइये जानते हैं कब खत्म होगा सावन का महीना और श्रावण पूर्णिमा पर क्या रहेगा चंद्रोदय का समय. जिस दिन श्रावण पूर्णिमा मनाई जाती है, उसी दिन सावन महीना भी खत्म हो जाता है. लेकिन इस साल श्रावण पूर्णिमा की तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है. दरअसल सावन पूर्णिमा 8 अगस्त को है और सावन की समाप्ति 9 अगस्त को होगी. 9 अगस्त को ही रक्षाबंधन का पर्व भी मनाया जाएगा. सावन पूर्णिमा की तिथि को लेकर कंफ्यूजन इसलिए भी है, क्योंकि द्रिक पंचांग के अनुसार, सावन पूर्णिमा की शुरुआत 8 अगस्त दोपहर 02:12 पर होगी और 9 अगस्त दोपहर 01:4 पर समाप्त हो जाएगी. उदयातिथि के अनुसार श्रावण पूर्णिमा का स्नान-दान और व्रत आदि 9 अगस्त को करना मान्य होगा. लेकिन सावन पूर्णिमा पर चंद्रमा के उदित होने पर चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा करने का महत्व है. इसलिए जो लोग व्रत रखकर चंद्र देव की पूजा करते हैं या अर्घ्य देते हैं वे, 8 अगस्त को ही सावन पूर्णिमा का व्रत रखेंगे. क्योंकि 9 अगस्त को पूर्णिमा तिथि दोपहर तक ही रहेगी.



**श्रावण पूर्णिमा चंद्रोदय का समय**

श्रावण पूर्णिमा पर 8 अगस्त को चंद्रदोय शाम 6 बजकर 42 मिनट पर होगा. इस समय आप चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देकर पूजा-अराधना कर सकते हैं. वहीं पूर्णिमा का स्नान-दान 9 अगस्त को कर सकते हैं. स्नान-दान के लिए 9 अगस्त सुबह 04:22 मिनट से 05:04 तक का समय शुभ रहेगा.

**सावन पूर्णिमा पर चंद्रमा पूजा का महत्व**

वैसे तो हर माह पूर्णिमा तिथि पर चंद्रमा की पूजा करने का महत्व है. लेकिन सावन महीने की पूर्णिमा को चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा करना उत्तम माना जाता है. क्योंकि सावन माह शिवजी का प्रिय माह है और भगवान शिव ने चंद्रमा को अपने सिर पर सुशोभित किया है. साथ ही सावन पूर्णिमा के दिन शिव पूजन, श्रीहरि पूजा, श्रावणी उपकर्म, रक्षाबंधन, स्नान-दान, सत्यनारायण पूजा जैसे धार्मिक कार्य भी होते हैं, जिससे इस तिथि का महत्व और अधिक बढ़ जाता है. यहां मुहैया सूचना सिर्फ मान्यताओं और जानकारियों पर आधारित है. यहां यह बताना जरूरी है कि ङक्कक्करुद्ब1द्ग.ष्शद्व किसी भी तरह की मान्यता, जानकारी की पुष्टि नहीं करता है. किसी भी जानकारी या मान्यता को अमल में लाने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से सलाह लें. पल्लवी कुमारी ने देश के सबसे प्रतिष्ठित भारतीय जन संचार संस्थान (नई दिल्ली) से पत्रकारिता में डिप्लोमा प्राप्त किया है. पत्रकारिता के क्षेत्र में पल्लवी बीते पांच सालों से सक्रिय हैं. इन्हें धर्म, ज्योतिष व अध्यात्म के साथ-साथ लाइफस्टाइल और मनोरंजन जैसे विषयों की भी गहरी समझ व रुचि है, इसके साथ ही कई लोकप्रिय और प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में लेखन कार्य का अनुभव प्राप्त है.

## कितने समय तक चलती है केतु की अंतर्दशा और कैसे करें छाया ग्रह को प्रसन्न?



ज्योतिष राहु और केतु को मायावी ग्रह कहा जाता है। शनिवार के दिन बहती जलधारा में जटा वाला नारियल प्रवाहित करने से भी राहु और केतु का प्रभाव बहुत कम होता है। देवों के देव महादेव की पूजा करने से साधक के जीवन में सुखों का आगमन होता है। वर्तमान समय में मायावी ग्रह राहु कुंभ राशि में विराजमान हैं और केतु सिंह राशि में उपस्थित हैं। राहु और केतु एक राशि में डेढ़ साल तक रहते हैं। इसके बाद राशि परिवर्तन करते हैं। राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है। राहु और केतु की कुदृष्टि पड़ने से जातक को जीवन में ढेर सारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार जातक को आर्थिक तंगी से भी गुजरना पड़ता है। ज्योतिषियों की मानें तो देवों के देव महादेव की पूजा करने से राहु और केतु की कुदृष्टि से मुक्ति मिलती है। हालांकि, कुंडली में कालसर्प दोष से पीड़ित जातकों का निवारण कराना श्रेष्ठकर होता है। लेकिन क्या आपको पता है कि केतु की अंतर्दशा कितने साल तक चलती है और कैसे मायावी ग्रह को प्रसन्न करें? आइए जानते हैं- ज्योतिषियों की मानें तो केतु की महादशा 7 साल की होती है। केतु की महादशा के दौरान सबसे पहले केतु की अंतर्दशा और प्रत्यंतर दशा चलती है। वहीं, केतु की अंतर्दशा पांच महीने की होती है। इसके बाद क्रमशः शुक्र, सूर्य, चंद्र, मंगल, राहु, गुरु, शनि और बुध की अंतर्दशा चलती है। केतु की शुभ दृष्टि पड़ने पर जातक को जीवन में विशेष सफलता मिलती है। वहीं, केतु की कुदृष्टि पड़ने पर जातक अपने जीवन में कई बार गलत फैसले ले लेता है। वहीं, केतु की महादशा में सूर्य, चंद्र और गुरु की अंतर्दशा होने पर मायावी ग्रह शुभ फल नहीं देते हैं। भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही कुंडली में राहु-केतु और शनि का अशुभ प्रभाव समाप्त हो जाता है। सोमवार के दिन गंगाजल में काले तिल मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करने से राहु और केतु प्रसन्न होते हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# कलेक्टर ने श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित रेवाडीह का किया आकस्मिक निरीक्षण

## बुनकरों द्वारा किये जा रहे गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्र उत्पादों का किया अवलोकन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रेवाडीह में संचालित श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बुनकर कर्मशाला भवन में समिति के बुनकरों द्वारा किये जा रहे गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्र उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने बुनकरों से बुनाई संबंधी गतिविधियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने बुनकरों से चर्चा कर प्रतिदिन किए जाने वाले उत्पादन तथा मासिक आय सहित अन्य विषयों के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को बुनकरों ने बताया कि कर्मशाला भवन में लगभग 50 महिलाएं कार्यरत हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर के शासकीय वस्त्र प्रदाय योजनांतर्गत श्री सांई बुनकर सहकारी समिति मर्यादित रेवाडीह के लगभग 250 बुनकर गणवेश वस्त्र एवं अन्य वस्त्रों के बुनाई का कार्य कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा धागा प्रदाय कर तैयार वस्त्रों के अनुसार बुनकरों को बुनाई पारिश्रमिक एवं बुनकर समितियों को सेवा प्रभार प्रदान किया जाता है।




बुनकरों ने बताया कि गांव में ही रोजगार मिलने एवं बुनाई कार्य से खुश है। इस कार्य से अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने बुनकरों के कार्यों की सराहना की और इसी प्रकार मन लगाकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान उप संचालक हाथकरघा श्री राजू कोल्हे, श्री सांई बुनकर समिति के अध्यक्ष श्री चूड़ामणि देवांगन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं बुनकर उपस्थित थे।

# सुबह वार्ड भ्रमण के लिए निकले महापौर

## अटल परिसर निर्माण का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वार्ड निरीक्षण के लिए महापौर श्री मधुसूदन यादव आज सुबह वर्धमान नगर में साफ सफाई देख अटल परिसर निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए। वही शहर में गंदा पानी आने की शिकायत पर मोहारा फिल्टर प्लांट का आकस्मिक निरीक्षरण कर 17 एमएलडी प्लांट की सफाई करने तथा एलम, ब्लोरिन की पर्याप्त भण्डारण रखने के निर्देश दिए।



महापौर श्री यादव आज सुबह वार्ड भ्रमण में वर्धमान नगर में साफ सफाई देख निर्माणाधीन अटल परिसर का जायजा लेकर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंता ने बताया कि प्रतिमा के लिए पेडेस्टल, बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया है,फ्लोर टाईल्स एवं अन्य कार्य प्रगति पर है। महापौर ने ग्रनाईट व टाईल्स लगाने के कार्य में तेजी लाकर गेट निर्माण व विद्युतिकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण में तेजी लावे इसके लिए मेन पावर बढ़ावे, कार्य की प्रतिदिन मानिटरिंग करे। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना अटल परिसर के तहत पूरे प्रदेश में अटल जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो और शासन मंशानुरूप अटल परिसर का निर्माण किया जाए।

निरीक्षण की कडी में महापौर श्री यादव आकस्मिक रूप से जल संयंत्रगृह मोहारा पहुँच प्लांट का निरीक्षण कर वर्तमान व्यवस्था के संबंध में निगम के अधिकारियों से जानकारी लिए। उन्होने कहा कि शहर के कुछ क्षेत्रो में गंदा पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही है, ज्यादातर 17 एमएलडी प्लांट से सप्लाई क्षेत्रो से शिकायत मिल रही है, जिसे ध्यान मे रख उक्त प्लांट की सफाई कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए, मशीनो में छोटी मोटी खराबी आने पर उसका तुरंत मरम्मत किया जाए, बाढ जैसी स्थिति निर्मित होने पर सभी कर्मचारियो को एर्ल्ट रहने कहा है। उन्होंने कहा कि जल संयंत्रगृह में आवश्यक सामग्री फिटकरी, ब्लीचिंग, क्लोरिन गैस का पर्याप्त भंडारण रखे, इसके अलावा आवश्यक उपकरण भी रखना सुनिश्चित करे, इंटकवेल में कचरा फसने पर उसे तत्काल निकाले,

# साय सरकार को स्मार्ट मीटर नहीं ट्रांसफार्मर बदलने की जरूरत : महेंद्र यादव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि साय सरकार को स्मार्ट मीटर नहीं पुराने ट्रांसफार्मर को बदलकर उच्च क्षमता की ट्रांसफार्मर लगाने चाहिए। ताकि लोगों को लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में विगत कई दिनों से अत्यधिक लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है नागरिकों के साथ-साथ छात्रों, बुजुर्गों एवं कामकाजी लोगों को परेशानी हो रही है विद्युत आपूर्ति में लगातार गिरावट के कारण पंखा, फ्रिज, लाइट जैसे मूलभूत सुविधाएं भी ठीक से नहीं चल पा रही है। समस्या की स्थाई समाधान के लिए उन्होंने सरकार से नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए। श्री यादव ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व में पिछली सरकार ने बिजली बिल को हाफहाफकिया था लेकिन सत्ता सरकार में बैठते ही साय सरकार ने बिजली बिल में लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है अन्य प्रदेशों में बिजली बिल को मुफ्त किया गया है एक तरह से देखा जाए तो गरीबों के जेब में डाका डालने का काम साय सरकार कर रही है। बदलते मौसम के कारण लोगो को गर्मी से जूझना पड़ रहा है और ऊपर से लो वोल्टेज और बार बार बिजली गुल से आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों मे साय सरकार के भारी आक्रोश पनप रही है। महेंद्र यादव ने आगे कहा कि अडानी ग्रुप को लाभ पहुंचाने के लिए स्मार्ट मीटर लगाकर निम्न,गरीब स्तर,मध्यम वर्ग लोगों के जेब मे डाका डालने का कार्य सायं सरकार रही है।



# उच्चस्तरीय शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं

**मामला - भवन पुताई का 13 लाख**

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नगर में सुविधा और विकास के नाम पर बंदरबाट करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 6 सालो में नगर पालिका के लगभग 7 सीएमओ का स्थानंतरण एवं निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत के बाद पूर्व नगर पालिका अधिकारी, इंजीनियर एवं लेखापल को निलंबित करने की कार्रवाई के बाद सुधार होता नहीं दिख रहा है। वर्तमान नगर पालिका अधिकारी भोई के चार्ज लेने के पहले तत्कालीन नगर पालिका अधिकारी श्री शर्मा के द्वारा बैक डेट पर ही लाखों का भुगतान किया है। उल्लेखनीय है कि हाल में भवन पुताई में 13 लाख खर्च करने के बाद उसे डिस्मेंटल करने के प्रस्ताव से अधिकारी की भूमिका पर सवाल उठा था। जानकारी के अनुसार विवादों से घिरे ठेकेदार से भवन पुताई करवा कर भुगतान कर दिया गया है। मामला उजागर होने के बाद अनुविभागीय अधिकारी एके तिवारी ने तहसीलदार नीलकंठ पा खोब्रागडे को जांच की जिम्मेदारी इतौंपी हैं।

# 28 किलोमीटर दौड़कर चौथी डाक कांवड़ यात्रा छिपा लोधेश्वर महादेव पहुंची

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सावन पर्व के चौथे सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर ग्राम छिपा पहुंची, जहां लोधी समाज के वरिष्टों एवं छिपा ग्रामवासी के द्वारा डाक कांवड का भव्य स्वागत किया गया, जहां लोधी समाज के वरिष्ठ विष्णु लोधी, ओंकार लोधी, जीवन वर्मा लोधी के साथ समस्त लोधी परिवार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इसी क्रम में हिंदू जागरण मंच ने नंदई चौक, गंज चौक एवं मानव मंदिर चौक में फूल बरसा कर डाक कांवरियों के साथ अन्य कांवरियों का स्वागत अभिनंदन किया।



हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया के लिए रास्ते मे जल की व्यवस्था भी की गई थी एवं सफाई कर्मचारियों एवं ट्राफिक पुलिस कर्मचारी को गुलाब फूल देकर उनका अभिनंदन किया गया। आयोजनकर्ता शिवगण मां पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लड्डा शामिल थे। आज चौथे सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया। जीवनदान सेवा संस्था ने बताया आज चौथे कांवड यात्रा मे बेटियो ने पूरे जोश के साथ गोल्ड मेडलिस्ट बेटी नीतू सलामे, किरण साहू एवं चेष्टा जंघेल ने बिना रुके 28 किलोमीटर दौड लगाई। जीवनदान सेवा साथ के प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णव, कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, आनंद मुंदडा, राजनांदगॉव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन, जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान, शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, संस्था के भिलाई टीम से योगेश्वर मानिकपुरी एवं नरेंद्र भाई भिलाई से राजनांदगांव पहुंचे थे। महेश्वर जंघेल एयस साहू, रितेश साहू, चंदन साहू, शशि साहू, स्वर्ण डीजे से राजा कुर्रे, राहुल साहू, सत्यम ओझा, शिवम ओझा, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल, ग्राम भाटापारा उपसरपंच दीपक वैष्णव, अनुज, नितिन, दुर्गेश, दिव्यांश, कमलेश डड़सेना आदि उपस्थित थे।

# नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग को मिला प्रग्योत्सव सम्मान



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गत् 1 जुलाई को भिलाई में हो रहे नेशनल कल्चरल एक्ट्रावेगेंजा में देश के अनेकों स्कूलो से एक हजार से अधिक समुहों ने पार्टिसिपेट किया जिनमें नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस हेतु स्कूल के छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु इन्हें नेशनल कल्चरल एक्ट्रावेगेंजा में ष्प्रग्योत्सव सम्मानष् . 2025 का गौरवांवित पद हासिल किया। जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयीए श्रीमती सोनल बाजपेयीए कुण्कुंतल बाजपेयीए प्राचार्या श्रीमती आरती पिल्लईए हेड मिस्ट्रेस श्रीमती वैशाली सिंगए डांस टीचर . विशाल शर्मा एवं मनोनिता विश्वकर्मा सहित स्कूल के सभी शिक्षक.शिक्षिकाएं एवं स्टाफ बधाई दी एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उक्त जानकारी शाला प्रशासक ने दी।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# भगवान श्री कृष्ण की शोभा यात्रा एकता की मिसाल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रविवार को यादव भवन नंदई में कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व शोभा यात्रा धुम धाम से मनाने हेतु बैंठक आयोजित कि गई इस बैंठक में इस बात का गर्व महशुस किया गया कि जिस प्रकार गंगा यमुना एवं सरस्वती नदियों का संगम है और केसरिया सफेद एवं हरा रंगो का संगम राष्ट्र के झंडे में हैं ठीक उसी प्रकार कोसरिया झेरिया एवं ठेठवार वर्ग का संगम यादव जाति में हैं आपसी भाईचारा, शिष्टाचार एवं सदभावना का मिसाल पेश करते हुए एक साथ शोभा यात्रा में यादव समाज के बैनर तले कोसरिया ,झेरिया एवं ठेठवार यादव भाई-बंधु शामिल होगें । समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि राजनादंगांव के विभिन्न वार्डो में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओ पर आधारित मनोरम झांकियों का अच्छा समावेश हैं एवं स्वजातिय बंधुओं में काफी उत्साह का माहौल हैं जिन वार्डे से झांकी आएगी उसे स्वंगीय लालाराम यादव एवं स्वर्गीय रामबाई यादव की स्मृति में मनोज यादव नंदई द्वारा स्मृति चिंह भेट किया जायेगा जो परिवार अपने बच्चों को राधा कृष्ण बनाकर लायेगे उन्हे भी पुरस्कृत किया जायेगा । इस बैंठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष मन्ना यादव, जिला महिला अध्यक्ष शीला यादव, जिला युवा अध्यक्ष हरीश यादव, नगर अध्यक्ष सूरज यादव, नगर महिला अध्यक्ष सुश्री मधु यादव, कोषाध्यक्ष विजय यादव, नारायण यादव ,पुनाराम यादव, दिलीप यादव, मन्नु यादव, राजीव यादव,अर्जुन यादव, भूपेन्द्र यादव, दुष्यंत यादव, वासुदेव यादव, मनोज यादव, विनायक यादव, सावन यादव, राजेश यादव, सौरभ यादव, शंकर यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, मंगल यादव, मोहित यादव, शिव यादव, रमेश यादव, रूपेश यादव, हेमु यादव, बसंत यादव, दीनू यादव, रेखू यादव, आनंद यादव, मुकेश यादव, अजय यादव, छबि यादव, भावेश यादव, भुवन यादव, विरेन्द्र यादव, महिला मंडल मंजू यादव, केशर यादव, सुनीता यादव, मीना यादव, निर्मला यादव, संतोषी यादव,सुशीला यादव, प्रमिला यादव, रोशनी यादव, लक्ष्मी यादव, चंद्रिका यादव, गायत्री यादव, सुमीत्रा यादव, प्रियंका यादव, सोहद्रा यादव, गीता यादव, कांति यादव, जानकी यादव, ललिता यादव सहित भारी संख्या में उपस्थित थे।

# आदतन अपराधियों पर अंकुश लगाने 07 बदमाशों को किया गया जिला बदर

## पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की अनुशंसा पर कलेक्टर डॉ. सर्वेशर नरेन्द्र भुरे द्वारा 07 आदतन अपराधियों को जिला बदर की कार्यवाही

**राजनांदगांव/ डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की अनुशंसा पर कलेक्टर राजनांदगांव डॉ. सर्वेशर नरेन्द्र भुरे द्वारा 07 आदतन अपराधियों को जिला बदर किया गया है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सक्रिय आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 07 बदमाशों को जिला बदर किया गया है।



जिला बदर किए गए अपराधियों के नाम व कृत्य इस प्रकार है - (01) नंद कुमार साहू पिता अशोक साहू, निवासी बुधवारीपारा वार्ड नंबर-15 डोंगरगढ के विरूद्ध डोंगरगढ़ में मारपीट, झगड़ लड़ाई एवं अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है जिसके लिए 03 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।, (02) सज्जन टांडेकर पिता स्व0 नंदकिशोर, निवासी ग्राम रामपुर के विरूद्ध मारपीट, चोरी, लूट, डकैती आदि मामले दर्ज हैं जिसके लिए 03 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है, (03) कोमल यादव पिता परसराम यादव, ग्राम गठुला के विरूद्ध मारपीट, झगड़ लाड़ाई एवं अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है, (04) खूबलाल जंघेल पिता प्राणनाथ जंघेल, निवासी मोतीपुर के विरूद्ध अवैध शराब विक्रय के मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज है जिसके लिए 03 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है।, (05) सागर वाहने पिता यशवंत वाहने, निवासी चिखली के विरूद्ध मारपीट, चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि मामले दर्ज हैं जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है, (06) भास्कर खान पिता मुजिबुद्धिन उर्फ मुजीब खान, निवासी चिखली के विरूद्ध मारपीट, हत्या आदि अपराध दर्ज हैं जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है, (07) अरशद असरफी खान पिता मो0 रफीक खान, निवासी कंडरापारा, डोंगरगढ़ के विरूद्ध मारपीट, जुआ अधिनियम आदि मामले दर्ज हैं जिसके लिए 06 माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। आगे भी यह कार्यवाही जारी रहेगी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com